जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय
चित्रकूट (उ0प्र0)–210204

पत्रांक : कुल0 कार्या0/ज0रा0दि0रा0वि0वि0/22274/2024

दिनांक– 25/09/2024

कार्यालय आदेश

विश्वविद्यालय की चयन समिति की संस्तुति के आधार पर प्रदान किए गये अनुमोदन के फलस्वरुप निम्नलिखित व्यक्तियों को उनके नाम के सम्मुख अंकित विषय/विभाग में अनुबन्ध (संविदा) के आधार पर **अतिथि प्रवक्ता/दुभाषिया भारतीय सांकेतिक भाषा (Sign Language Interpreter)** के पद पर नियत मानदेय/पारिश्रमिक रु0 30,000/– प्रतिमाह पर नियुक्त करने का निदेश हुआ है–

क्रम संख्या	नाम	पिता का नाम	पद	विषय/विभाग
1	डॉ0 राजेश कुमार शुक्ला	श्री रामेश्वर दत्त शुक्ला	अतिथि प्रवक्ता	Fine Art/Drawing & Painting
2	डॉ0 संध्या पाण्डेय	श्री दिनेश मिश्रा	अतिथि प्रवक्ता	
3	श्री चंदन सिंह	श्री लवलेश सिंह	अतिथि प्रवक्ता	
4	डॉ0 अमित कुमार द्विवेदी	श्री रामहित द्विवेदी	अतिथि प्रवक्ता	Education (B.Ed/M.Ed)
5	डॉ0 सिन्धुजा	श्री जगन्नाथ प्रसाद	अतिथि प्रवक्ता	
6	डॉ0 अजय कुमार पाण्डेय	श्री शीतल प्रसाद	अतिथि प्रवक्ता	
7	सुश्री विजया	श्री सुरेन्द्र मोहन	अतिथि प्रवक्ता	Computer & Information Sciences
8	डॉ0 तृप्ति रस्तोगी	श्री अजय कुमार रस्तोगी	अतिथि प्रवक्ता	Economics
9	वर्षा वर्मा	श्री राम खिलावन वर्मा	अतिथि प्रवक्ता	Management
10	श्रीमती श्रद्धा शुक्ला	श्री रमेश शुक्ला	दुभाषिया (भारतीय सांकेतिक भाषा) (Sign Language Interpreter)	
11	सुश्री अपराजिता पाण्डेय	श्री सुशील कुमार पाण्डेय		

नियुक्ति की शर्तें:–

1. आपकी सेवायें विश्वविद्यालय में कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से दिनांक 31 मई 2025 तक के लिए मान्य होगी। इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालय द्वारा आपकी सेवा किसी भी समय एक माह का नोटिस अथवा एक माह का पारिश्रमिक देकर समाप्त की जा सकती हैं। इसी प्रकार यदि आप स्वयं सेवा से मुक्त होना चाहते है तो आप एक माह की पूर्व सूचना देकर कार्यमुक्त हो सकते हैं। इसके अतिरिक्त आवश्यकता के अनुसार आपके कार्यो के मूल्यांकन के उपरान्त संतोषजनक सेवा पाये जाने पर अनुबन्ध की अग्रिम अवधि बढ़ाये जाने पर नियमानुसार विचार किया जा सकेगा।

2. यह नियुक्ति पूर्णतया निर्धारित संविदा पर व नियत मानदेय/पारिश्रमिक पर आधारित है। इस सम्बन्ध में आप नियमित नियुक्ति अथवा किसी प्रकार के अन्य प्रतिकर के हकदार नहीं होंगे।
3. कार्यभार ग्रहण करते समय आपको इस आशय का वचनबद्धता (Undertaking) प्रस्तुत करना होगा कि आप अन्यत्र कहीं सेवायोजित नही है। भविष्य में यदि यह पाया जाता है कि आप विश्वविद्यालय में संविदा के आधार पर कार्यरत रहने की अवधि में कहीं अन्यत्र सेवायोजित है अथवा अपनी सेवायें किसी अन्य संस्थान में भी प्रदान कर रहें है तो आपके विरुद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक/वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।
4. आपको औसत प्रतिमाह 01 दिवस का आकस्मिक अवकाश देय होगा।
5. यदि आपकी सेवा के सम्बन्ध में कोई विवाद उत्पन्न होता है, तो वह चित्रकूट के कानूनी क्षेत्राधिकार के अन्तर्गत होगा।
6. आप द्वारा शपथ पत्र पर नियुक्ति पत्र सम्बन्धी उपर्युक्त समस्त शर्तो की सहमति/स्वीकृति की घोषणा पत्रक उपलब्ध कराया जाना अनिवार्य है।

यदि आप उपर्युक्त वर्णित शर्तो पर उक्त नियुक्ति को स्वीकार करते है, तो अपनी सहमति लिखित रूप से एक सप्ताह के भीतर प्रस्तुत कर अपने पद पर कार्यभार ग्रहण करे। कार्यभार ग्रहण करते समय आप द्वारा मूल अंक तालिकाएं/उपाधि तथा एक–एक स्वप्रमाणित प्रति प्रस्तुत करेंगे। आपकी नियुक्ति पदभार ग्रहण करने की तिथि से प्रभावी होगी।

भवदीय,

(मधुरेन्द्र कुमार पर्वत)
कुलसचिव।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः

1. निजी सचिव, मा0 कुलाधिपति को मा0 कुलाधिपति महोदय के सादर अवलोकनार्थ।
2. माननीय कुलपति जी को सादर सूचनार्थ।
3. वित्त अधिकारी।
4. सम्बन्धित अधिष्ठाता/विभागाध्यक्ष/प्रभारी।
5. स्थापना।
6. सम्बन्धित व्यक्ति।
7. गार्ड फाइल।

25/09/22

(मधुरेन्द्र कुमार पर्वत)
कुलसचिव।